**Annexure - XXVIII**

**तत्काल / महत्वपूर्ण**


# डा. आर. एस. टोलिया

**मुख्य सूचना आयुक्त**

सत्यमेव जयते

# उत्तरांचल सूचना आयोग

सैक्टर 1, सी–10, डिफैन्स कालोनी, देहरादून
फोन : (0135) 2666778 / 2666779
फैक्स :
ई–मेल : rs_tolia@rediffmail.com


पत्रांक : 135 / उ.सू.आ. / मु.सू.आ. / 2005

दिनांक : 29 दिसम्बर, 2005

**श्री राजीव गुप्ता**
प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन
उत्तरांचल शासन

सचिवालय प्रशासन (अधिष्ठान) अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 40-38/XXXI(I)/2005 दिनांक 19 दिसम्बर, 2005 द्वारा सूचना का अधिकार विषय सामान्य प्रशासन विभाग को आवंटित किया गया है. (प्रति संलग्न). इस क्रम में, यह उचित होगा कि, सूचना विभाग में जो अब पत्रावलियां सूचना का अधिकार अधिनियम की तैयारी, आयोग के गठन, मुख्य सूचना आयुक्त / सूचना आयुक्तों की तैनाती, मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के आयोजन, धारा–4 के अन्तर्गत तैयार किये जाने वाले 17 मैनुवलों के संबंध में चल रही हैं और जो उन्हें विभागीय लोक प्राधिकारियों से सामग्री प्राप्त हुई है उन्हें भी अब सामान्य प्रशासन विभाग, जो अब उत्तरांचल सूचना आयोग के लिए नोडल विभाग हो गया है, को स्थानान्तरित करा ली जाय. आयोग के लिए यह भी जानना आवश्यक होगा कि अब सामान्य प्रशासन विभाग में कौन अपर सचिव तथा अन्य अधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम एवं उत्तरांचल सूचना आयोग के आवंटित कार्य का निर्वहन करेंगे.

2. उत्तरांचल सूचना आयोग द्वारा सूचना विभाग में लम्बित प्रकरणों को पत्रांक 75 / उ.सू.आ. / मु.सू.आ. / 2005 दिनांक 20 दिसम्बर, 2005 द्वारा शासन स्तर पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये भेजा गया था. ऐसे लम्बित प्रकरणों की प्रति इस आशय से पुनः संलग्न कर प्रेषित की जा रही है जिससे सूचना विभाग से संबंधित पत्रावली मंगाकर इन बिन्दुओं पर अग्रेतर कार्यवाही प्रभावी रूप से करायी जा सके (प्रति संलग्न).

3. आयोग के वर्ष 2006–07 के लिए जो बजट मांगा गया है उसको भी वित्त विभाग से बजट में शामिल करने का कष्ट करें. अधिशासी निदेशक सूचना विभाग के माध्यम से जो बजट की मांग के संबंध में आयोग द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है उसकी प्रति संलग्न है. (प्रति संलग्न) वर्ष 2005–06 के लिए आवंटित बजट के उपयोग की व्यवस्था भी कर लें कि किस प्रकार से अवशेष बजट का उपयोग किया जाना है. वर्तमान में अधिशासी निदेशक, सूचना विभाग के निवर्तन में बजट रखा गया है.

भवदीय,

**संलग्नकः यथोक्त**

**(आर. एस. टोलिया)**
मुख्य सूचना आयुक्त

प्रतिलिपि :

1. सचिव, सूचना विभाग, उत्तरांचल शासन.
2. प्रमुख सचिव, वित्त उत्तरांचल शासन को प्रस्तर–3 पर समुचित कार्यवाही हेतु पृष्ठांकित.
3. मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन.

**(आर. एस. टोलिया)**
मुख्य सूचना आयुक्त